CBSE CTET 2021 S1

Application No	
Candidate Name	
Roll No.	
Test Date	29/12/2021
Test Time	9:30 AM - 12:00 PM
Subject	P1 Hindi and Sanskrit

Section : **Child Development and Pedagogy**

Q.1 वह खेल जो बच्चों को दूसरों के विचारों, विश्वासों, और भावनाओं को समझने में सहायक होता है, क्या कहलाता है?

Options

1. एकांगी खेल
2. स्वतंत्र एकाकी खेल
3. समानांतर खेल
4. कल्पनाशीलता वाला खेल

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.2 अधिगम किसके द्वारा प्रभावित होता है?

i. मनोवैज्ञानिक कारकों से।
ii. सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों से।
iii. विद्यालय से संबंधित कारकों से।
iv. अध्यापक से संबंधित करकों से।

Options

1. (i), (ii)
2. (i), (ii), (iii), (iv)
3. (i), (ii), (iii)
4. (i)

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.3 लॉरेंस कोहलबर्ग के सिद्धांत में नैतिक तर्कणा के किस चरण पर छात्र मान लेते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए नियम एक समान प्रकार से लागू किये जाने चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति का निजी कर्त्तव्य है कि वे इनका पालन करें?

Options

1. यंत्रीय प्रयोजन अभिविन्यास
2. सामाजिक–क्रम को बनाए रखने का अभिविन्यास
3. अच्छा लड़का – अच्छी लड़की अभिविन्यास
4. दण्ड और आज्ञापालन अभिविन्यास

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.4 अपने लंबे मगर कम चौड़े गिलास में नींबू पानी के स्तर की ओर इशारा करते हुए सारा अपनी बहन को चिढ़ाती है कि उनके पिताजी ने उसे ज़्यादा नींबू पानी दिया है। उसकी बहन किसी भी तरह की प्रतिक्रिया नहीं देती है, क्योंकि उसने अपने पिता को उसके गिलास से सारा के गिलास में नींबू पानी डालते हुए देखा है और वह जानती है कि दोनों गिलासों में नींबू पानी की मात्रा एक समान है। इस संदर्भ में सारा क्या प्रदर्शित करती है?

Options

1. जीववाद
2. क्रमबद्धता
3. वर्ग समावेशन
4. केन्द्रीकरण

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.5 एक विद्यार्थी जिसे ADHD (अवधान-न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार) है, को समावेशित करने के लिए कौन-सी कक्षा प्रभावशाली है?

Options

1. उच्च संरचना कक्षा जहाँ मुख्यत: शिक्षण मौखिक अनुदेश से होता है।
2. कक्षा जहाँ विद्यार्थी पूरे समय निर्धारित सीट पर बैठते हैं।
3. कक्षा जहाँ लचीली समय-सारणी और बैठने की व्यवस्था है और विद्यार्थी अपनी रूचि अनुसार स्वयं कार्य करते हैं।
4. कक्षा जहाँ अध्यापक उच्च चिन्तन स्तरीय कार्य जटिल अनुदेशन द्वारा देता है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.6 एक विद्यार्थी अलिज़ा जिसका नियंत्रण केन्द्र आन्तरिक है, परीक्षा में असफल होने के लिए किसे जिम्मेदार ठहराएगी?

Options

1. उसकी योग्यता में कमी
2. परीक्षा प्रश्न पत्र में कठिनाई
3. अध्यापक का उसके प्रति पूर्वाग्रह/पक्षपात
4. दुर्भाग्य

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.7 कक्षा में विद्यार्थियों को त्यौहारों को मनाने के अपने अनुभवों को साझा करने के अवसर देना और उसके आधार पर सूचना निर्मित करने को बढ़ावा देना किसका उदाहरण है?

Options

1. सामाजिक संरचनावाद।
2. पाठ्य-पुस्तक आधारित अध्यापन।
3. व्यवहारवाद।
4. प्रत्यक्ष निर्देशन।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.8 पियाजे के अनुसार, विकास के किस काल में बालक वस्तुओं के लिए प्रतीकों का इस्तेमाल करने लगते हैं और तार्किक मानसिक समझ उभरने लगती है?

Options

1. पूर्व-संक्रियात्मक काल
2. औपचारिक संक्रियात्मक काल
3. उत्तर संक्रियात्मक काल
4. मूर्त संक्रियात्मक काल

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

adda247

Q.9 बालक का विकास किन क्षेत्रों में बँटा है?

Options
1. शारीरिक, संज्ञानात्मक, गामक और सामाजिक
2. मनोवैज्ञानिक, शारीरिक, सामाजिक और संवेदनात्मक
3. शारीरिक, संज्ञानात्मक ,आध्यात्मिक और संवेदनात्मक
4. गामक, मनोवैज्ञानिक, संवेदनात्मक और सामाजिक

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.10 वायगोत्स्की के सिद्धान्त के अनुसार 'सहायक खोज' किस में सहायक है?

Options
1. सहपाठी-सहयोग
2. उत्प्रेरक-प्रतिक्रिया सहचर्य
3. संज्ञानात्मक द्वंद्व
4. पुनर्बलन

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त यह दर्शाता है कि विकास दिशात्मक है – सिर से पैरों की ओर?

Options
1. मात्रात्मक परिवर्तन सिद्धांत।
2. विशिष्टता से संबंधित सिद्धांत।
3. अधोगामी सिद्धांत।
4. शीर्षगामी सिद्धांत।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

adda247

Q.12 एक समावेशी कक्षा में, सहयोगात्मक प्रणाली और सहयोजक अधिगम को/का -

Options
1. अत्यधिक हतोत्साहित करना चाहिए।
2. अधिगम प्रतिफलों को सभी के लिए कम करती हैं।
3. रूढ़िबद्ध धारणाओं का निर्माण करती हैं।
4. सक्रियता से प्रोत्साहित करना चाहिए।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.13 वह छात्र जिन्हें पठन वैकल्य है उन्हें मुख्यत: किसमें दिक्कत आती है?

Options
1. चित्र बनाने में
2. गतिशीलता में
3. पढ़ने व लिखने में
4. सुनने में

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.14 हेतल घर में गुजराती बोलती है और इस भाषा को पढ़ने और लिखने में उसका प्रवाह है। उसके विद्यालय में निर्देश का माध्यम हिन्दी है, वह यह भाषा नहीं जानती है।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार इस स्थिति में विद्यालय को क्या करना चाहिए?

Options
1. बहुभाषावाद की संस्कृति सृजित करने के लिए सभी बच्चों को एक-दूसरे की मातृभाषा का सम्मान करने के लिए कहना चाहिए।
2. हेतल को विद्यालय में सिर्फ़ हिन्दी बोलने के लिए कहना चाहिए।
3. हेतल को उस अनुभाग में भेज देना चाहिए जिसमें निर्देश का माध्यम अंग्रेजी है।
4. अध्यापकों को हेतल से कहना चाहिए कि उसने जो कुछ भी घर में सीखा है, उसे भूल जाए।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.15 एक नवीन परिस्थिति में दूसरों की तुलना में अधिक अपसारी चिंतन करने वाले व्यक्ति की बुद्धि का वर्गीकरण क्या है?

Options
1. सृजनात्मक बुद्धि
2. अंतर्वैयक्तिक बुद्धि
3. व्यावहारिक बुद्धि
4. प्रकृतिवादी बुद्धि

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.16 जेन्डर -

Options
1. सामाजिक संरचनाओं द्वारा आरोपित होता है।
2. एक आन्तरिक गुण है।
3. जन्म के समय निर्धारित होता है।
4. आनुवंशिक विशिष्टताओं द्वारा पूर्व निर्धारित होता है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.17 राशि ने बच्चों की अवधारणाओं के प्रति समझ का आकलन करने के लिए एक नई विधि का प्रयोग किया। उसने बच्चों से कहा कि वे एक उत्तर के लिए जितना संभव हो अधिक से अधिक प्रश्न बनाएँ। शिक्षण-अधिगम का यह उपागम -

Options
1. बाल केन्द्रित है।
2. कंठस्थीकरण पर केन्द्रित है।
3. पाठ्यपुस्तक केन्द्रित है।
4. उपदेशात्मक है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

adda247

Q.18 बच्चों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(i) बच्चे वैज्ञानिक शोधकर्ता बनने के लिए पैदा होते हैं।

(ii) बच्चे पर्यावरण के सक्रिय अन्वेषक हैं।

(iii) बच्चे वयस्कों की तरह सोचते हैं – सिर्फ़ उनसे कम।

(iv) बच्चे सामाजिक अन्त:क्रिया द्वारा अपने परिवेश से अर्थ सृजित करने के लिए पैदा होते हैं।

Options
1. (i), (ii)
2. (ii), (iii), (iv)
3. (i), (ii), (iv)
4. (iii), (iv)

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.19 दावा (A) : अध्यापक के द्वारा आकलन और मूल्यांकन के विविध तरीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।
तर्क (R) : मूल्यांकन का उद्देश्य अच्छा निष्पादन करने वाले विद्यार्थियों को शेष कक्षा से पृथक करना है।
सही विकल्प चुनें।

Options
1. (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
2. (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
3. (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
4. (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.20 राघव जब शिशु था तब उसे माता-पिता के स्नेह से वंचित रहना पड़ा। बाल्यावस्था के आगे के चरण में उसे बहुत संवेदनशील अध्यापक मिले। फिर भी उसे लोगों पर विश्वास करने में परेशानी होती है और वह जोख़िम लेने का साहस नहीं दिखा पाता। राघव के विषय में विकास का कौन-सा मुद्दा एकदम स्पष्ट रूप से वर्णित होता है?

Options
1. एकरूपता – वैयक्तिकता का मुद्दा
2. निरन्तरता – अनिरन्तरता का मुद्दा
3. प्रकृति – पालन-पोषण का मुद्दा
4. आरंभिक – बाद के अनुभवों का मुद्दा

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.21 एक अध्यापिका चाहती है कि उसके विद्यार्थी आन्तरिक रूप से अभिप्रेरित रहें। उसे क्या करना चाहिए?

Options 1.
बच्चों में जिज्ञासा प्रोत्साहित करनी चाहिए और सीखने के आनंद को अभिप्रेरित करना चाहिए।

2. भौतिक पुरस्कार देने चाहिए।

3. बच्चों में डर और चिन्ता पैदा करनी चाहिए।

4.
उसे कक्षा में प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए और बच्चों में तुलना करनी चाहिए।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.22 निम्नलिखित में से क्या प्रगतिशील कक्षा की विशेषता <u>नहीं</u> है?

Options 1. बच्चों की सक्रिय रूप से सहभागिता

2. लचीला समूह गठन

3. गतिशील अध्यापक

4. दण्ड और पुरस्कार का प्रयोग

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.23 स्मृति विषयक युक्ति कौन-सी है?

Options 1. एक प्रभावशाली व्यवहारवादी युक्ति।

2. प्रक्रियात्मक ज्ञान का उदाहरण है।

3. वह तकनीक जो याद करने में मदद करती है।

4. संवेगों के नियमन के लिए तकनीक।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.24 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सुझाती है कि कक्षा अधिगम को पाठ्यपुस्तकों तक सीमित करने के बजाय अधिगम और शिक्षा -

Options

1. परीक्षाओं के लिए सीखने पर केन्द्रित होनी चाहिए।
2. तथ्यों और ज्ञान के कंठस्थीकरण पर आधारित होनी चाहिए।
3. खोजबीन और समालोचनात्मक चिंतन के विकास पर केन्द्रित होनी चाहिए।
4. प्रत्येक तीन माह के बाद विद्यार्थियों की विषयवस्तु को बढ़ा देना चाहिए।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.25 विद्यार्थियों के काम में त्रुटियों के विश्लेषण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Options

1. विद्यार्थियों को किसी भी तरह की गलती करने के लिए फटकारना।
2. विद्यालय में अध्यापकों की क्षमता की तुलना करना।
3. बच्चों की सोच-चिंतन को समझना।
4. विद्यार्थियों को श्रेणीबद्ध करना और योग्यता आधारित समूहों में पृथक्कीकरण करना।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.26 अनुज कक्षा तीन को पर्यावरण अध्ययन पढ़ाता है। वह हमेशा अपने विद्यार्थियों को किसी भी विषय से परिचित कराने के एकदम बाद मानस मंथन करवाता है।
यह युक्ति निम्नलिखित में से किसे समुन्नत करेगी?

i. रटकर सीखना
ii. दृष्टिकोण जानना
iii. समालोचनात्मक चिंतन
iv. खोज-बीन

Options

1. (i), (iii), (iv)
2. (i), (iv)
3. (ii), (iii), (iv)
4. (ii), (iii)

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

adda247

Q.27 अध्यापक को अपनी कक्षा में सुविधा वंचित वर्ग से आने वाले बच्चों के लिए क्या करना चाहिए?

Options
1. विद्यालय से बाहर अतिरिक्त मदद लेने के लिए कहना चाहिए।
2. विद्यार्थियों के लिए विशेष अनुभाग बनाने चाहिए।
3. सहयोगात्मक समूह बनाने चाहिए जो अधिगम के संवर्द्धन के लिए समूह विविधता का इस्तेमाल कर सकें।
4. योग्यता आधारित समूह बनाने चाहिए।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.28 कथन (A) : सभी बच्चे परीक्षाओं में अच्छे अंक लाएँ, यह सुनिश्चित करने के लिए बच्चों में असफलता का भय और उपलब्धि का दबाव पैदा नहीं करना चाहिए।
कारण (R) : अर्थपूर्ण अधिगम हो सके, इसके लिए महत्वपूर्ण है कि बच्चे शारीरिक और भावात्मक सुरक्षा महसूस कर सकें।
सही विकल्प चुनें।

Options 1.
(A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
2. (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
3. (A) और (R) दोनों गलत हैं।
4. (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.29 अमन एक पहेली के टुकड़ों को ठीक से लगाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वह सही जगह पर सही हिस्सों को फिट करने के लिए संघर्ष करता है। कैसे, क्या, क्यों के रूप में उसकी माँ उसे संकेत प्रदान करती है। लेव वायगोत्स्की के सीखने के सिद्धांत के अनुसार सीखने की यह प्रक्रिया क्या करेगी?

Options
1. सीखने में मदद नहीं करेगी
2. बच्चे को अप्रेरित करेगी
3. उसे आक्रामक बना देगी
4. अधिगम के लिए पाड़ का काम करेगी

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.30 हावर्ड गार्डनर के बहुआयामी बुद्धि के सिद्धान्त के अनुसार निम्नलिखित में से किसका प्रयोग, दृष्टिगत जगत को सही तरह से अनुभव करने की योग्यता और अपने आरंभिक अनुभवों में परिवर्तन लाने की योग्यता के लिए किया गया है?

Options

1. अंत: वैयक्तिक बुद्धि
2. शारीरिक-गतिबोधक बुद्धि
3. स्थानिक बुद्धि
4. तार्किक-गणितीय/गणन बुद्धि

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Section : **Mathematics**

Q.1 एक शिक्षिका कक्षा 1 के बच्चों को कुछ चित्र दिखाती है और उसमें हो रही घटनाओं के अनुसार उन्हें क्रम में लगाने के लिए कहती है (1) क्रिकेट खेलना (2) नहाना (3) भोजन करना (4) किताबें पढ़ना, इस गतिविधि के द्वारा

Options

1. शिक्षिका 'समय' और घटनाओं के क्रम की अवधारणा को नहीं पढ़ा सकती क्योंकि ये घटनाएं किसी भी क्रम में हो सकती है।
2. शिक्षिका कार्यों को क्रम से करने की अच्छी आदत विकसित कर सकती है।
3. शिक्षिका केवल समय की अवधारणा विकसित कर सकती है।
4. शिक्षिका घटनाओं के क्रम की अवधारणा को विकसित कर सकती है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

adda247

Q.2 एक अध्यापिका छात्रों को निम्नलिखित सवाल देती है।

निम्न संख्याओं के युग्मों में बड़ी संख्या पर घेरा लगाइए।

a. 9×3 या $9 \div 3$
b. 9×0.3 या $9 \div 0.3$
c. 0.9×0.3 या $0.9 \div 0.3$

इस प्रकार के प्रश्न का उपयोग अध्यापिका कर सकती है -

Options
1. यह आँकने के लिए कि क्या छात्र को 3 और 9 के पहाड़े याद हैं।
2. पूर्ण संख्याओं में गुणन और विभाजन के आकलन के लिए।
3. पूर्ण संख्याओं की तुलना के लिए।
4. नैदानिक परीक्षा के रूप में इसका उपयोग दशमलव संख्याओं में गुणन और विभाजन की भ्रांतियों को संबोधित करने के लिए किया जा सकता है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.3 गणित शिक्षण में "साँप और सीढ़ी" के खेल का उपयोग अत्यधिक उपयुक्त होगा, उन अवधारणाओं को विकसित करने के लिए जो संबंधित हैं _____ से :-

Options
1. संख्यायों
2. ज्यामिति
3. मापन
4. आकृतियों

adda247

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.4 प्राथमिक स्तर पर शाब्दिक समस्याओं (इबारती सवालों) को शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि -

Options

1. ये गणित की भाषा पढ़ाने का एकमात्र साधन है।

2. छात्रों द्वारा शाब्दिक समस्याओं (इबारती सवालों) को प्रभावी रूप से समझने, प्रतिपादित करने और हल करने की क्षमता अर्जित करना महत्वपूर्ण कौशल है।

3. शाब्दिक समस्याओं (इबारती सवालों) का निरंतर प्रयोग विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी भाषा में निपुण बनाता है।

4. ये हल करने में आसान होती है इसलिए विद्यार्थियों को गणित में बेहतर अंक प्राप्त करने में मदद करती है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.5 फ्लोरा की फिशिंग कंपनी हर महीने 9000 किलो ताज़ी मछली पकड़ती है। ताज़ी मछली का विक्रय मूल्य 30 रुपये / किलो है और सूखी मछली का विक्रय मूल्य 120 रुपये / किलो है लेकिन जब ताज़ी मछली सूख जाती है तो यह उसके वजन की $\frac{1}{3}$ रह जाती है। यदि फ्लोरा सूखी मछली बेचती है, तो उसे ताज़ी मछली बेचने से कितने पैसे अधिक मिलेंगे ?

Options

1. 360000 रुपये
2. 90000 रुपये
3. 27000 रुपये
4. 108000 रुपये

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.6 'दो संख्याओं का गुणनफल उनके क्रमों को पलटने पर भी समान रहता है', यह गुणधर्म कहलाता है :

Options

1. साहचर्य गुण
2. क्रमविनिमेय गुण
3. तत्समक गुण
4. व्युत्क्रम गुण

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.7 यदि एक वृत्त के व्यास को दुगुना कर दिया जाए तो नई परिधि का पुराने वृत् की परिधि से अनुपात कितना होगा ?

Options
1. 4 : 1
2. 1 : 4
3. 2 : 1
4. 1 : 2

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.8 ईशा के अंकल का घर उसके घर से 150 किलोमीटर की दूरी पर है। एक लीटर पेट्रोल से वह 15 किलोमीटर चल सकती है और एक लीटर पेट्रोल ₹ 95.00 का है। उसके पास ₹ 2500.00 हैं। यदि वह कार से अपने अंकल के घर जाती है और ज़रूरत के हिसाब से पेट्रोल भरवाकर वापिस भी आती है तो उसके पास कितने रुपये बचेंगे ?

Options
1. रु 350
2. रु 1550
3. रु 600
4. रु 500

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.9 निम्नलिखित विशेषताओं वाली गुप्त संख्या को ढूंढिए :-
1. उसमें तीन अंक हैं
2. वह 2,3,7 से विभाजित हो सकती है लेकिन 5 से नहीं
3. यह सबसे छोटी तीन अंकीय संख्या है जिसमें (ii) में दी गई विशेषता है और इसके पहले और आखिरी अंक का जोड़ बीच के अंक के बराबर है।

Options
1. 462
2. 132
3. 231
4. 210

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

adda247

Q.10 निम्न में से कौन-सा सहयोगिक और सक्रिय अधिगम को प्रोत्साहित करता है ?

Options 1.
प्रत्येक छात्र को गणितीय खेल और पहेलियां उपलब्ध कराना और उन्हें उनके उत्तरों को साझा करने के लिए कहना।

2.
शिक्षक दो अंकों वाली संख्याओं की गुणन की प्रक्रिया शेयर (साझा) करते हैं और छात्रों को उसी प्रकार के प्रश्नों का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

3.
छात्र कक्षा में हुए विचार-विमर्श द्वारा विकसित मापदंडों के आधार पर आकृतियों का वर्गीकरण करते हैं।

4.
छात्रों को निर्देश देते हैं कि वे प्रश्नों का हल घर पर करें और उसे अध्यापक के पास जमा करें।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.11 निम्न में, वैन हिले सिद्धांत के अनुसार कौन सा क्रम ज्यामितीय स्तर के लिए सही है :

Options 1. पहचान करना, विश्लेषण, संबंध बनाना, निगमन, स्वयंसिद्धता।

2. पहचान करना, संबंध बनाना, विश्लेषण, निगमन, स्वयंसिद्धता।

3. विश्लेषण, पहचान करना, निगमन, संबंध बनाना, स्वयंसिद्धता।

4. विश्लेषण, निगमन, पहचान करना, संबंध बनाना, स्वयंसिद्धता।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

adda247

Q.12 गणितीय भाषा सहायक होती है

a. समस्या-समाधान कौशल को विकसित करने में
b. सम्प्रेषण और वाचन कौशल को विकसित करने में
c. तार्किक (विवेचन) कौशल को विकसित करने में

सही विकल्प चुनें

Options
1. (a) और (b)
2. (a) और (c)
3. केवल (c)
4. केवल (b)

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.13 एक घनाभाकार बक्सा 14 से.मी. लंबा, 11 से.मी. चौड़ा और 8 से.मी. ऊंचा है। एक घनाकार बक्से की भुजा 11 से.मी. है। नेहा इन बक्सों में 1 से.मी. भुजा वाले घन पैक करना चाहती हैं। घनाकार बॉक्स में पैक किए जा सकने वाले घनों की संख्या घनाभाकार बक्से में पैक किए गए घनों की संख्या से निम्नलिखित संख्या अधिक है -

Options
1. 98
2. 100
3. 99
4. 101

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.14 दीपू अपने कमरे की चारों दीवारें रंगना चाहता है। सभी दीवारें आयताकार हैं और आमने-सामने की दीवारों की माप समान है। यदि दीवारों का आकार 4 मी. × 3.5 मी. और 4.5 मी. × 3.5 मी. तथा दीवारों को रंगने की कीमत रु 22 प्रति वर्ग मीटर हो तो दीवारों को रंगने की कुल लागत क्या होगी ?

Options
1. रु 1232
2. रु 1386
3. रु 1309
4. रु 654.50

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.15 कक्षा 5 का विद्यार्थी मनोज माया के घर से दूध लेने गया जो उसके घर की उत्तरी दिशा में 500 मीटर की दूरी पर है। घर वापिस आने के बाद वह स्कूल गया जो उसके घर की पूर्व दिशा में 1 किलोमीटर की दूरी पर है। स्कूल में उसे दोनों स्थानों का रास्ता बनाने के लिए कहा गया। उसने कागज़ पर सबसे पहले एक बिन्दु बनाकर उसे 'H' नाम दिया जो उसके घर को दिखाता है फिर उसने माया के घर के लिए 'M' और स्कूल के लिए 'S' बिन्दु बनाया। इनमें से सबसे उपयुक्त प्रदर्शन कौन सा है ?

Options
1. 'S' बिन्दु 'H' और 'M' बिन्दुओं के बीच में है।

2. 'S' बिन्दु को 'H' बिन्दु के नीचे बनाया जाता है जिसकी दूरी 'HM' से दोगुनी है।

3. 'S' बिन्दु को 'H' बिन्दु के दांयी ओर बनाया जाता है जिसकी दूरी 'HM' से दोगुनी है।

4. 'S' बिन्दु को 'H' बिन्दु के दांयी ओर बनाया जाता है जिसकी दूरी 'HM' के बराबर है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.16 कोठारी आयोग (1964-66) के अनुसार

Options
1. गणित, छात्रों में विश्लेषणात्मक तर्क, चिंतन, आत्मविश्वास और मनोभावों को विकसित करता है।

2. प्रत्येक छात्र गणित में अमूर्तता नहीं समझ सकता है, अतः कक्षा आठवीं (VIII) के बाद इसे वैकल्पिक विषय के रूप में रखना चाहिए।

3. यह केवल कल्पना है कि गणित छात्रों में मानसिक कौशल, अनुशासन, सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को विकसित करता है।

4. कक्षा I से कक्षा X तक के छात्रों के लिए गणित एक अनिवार्य विषय होना चाहिए, जो कि सामान्य शिक्षा का हिस्सा हो।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.17 निम्नलिखित में से कौन सा संख्या ज्ञान के विकास से संबंधित <u>नहीं</u> है ?

Options
1. आत्मकेन्द्रित

2. पदानुक्रम समावेशन

3. पंक्तिबद्धता

4. वर्गीकरण

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.18 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें :

A. मानदंड – संदर्भित आंकलन विद्यार्थियों का किसी मापदंड के आधार पर मूल्यांकन करना है।
B. मानक – संदर्भित आंकलन नैदानिक परीक्षण और उपचारात्मक शिक्षण में उपयोगी है।

Options
1. केवल कथन B सही है।
2. कथन A और B दोनों गलत हैं।
3. कथन A और B दोनों सही हैं।
4. केवल कथन A सही है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.19 मनप्रीत के पास अच्छी गणितीय तर्कणा (विवेचना) है, इसलिए उसके पास होगी :

Options
1. परिभाषा को पुनःस्मरण करने की क्षमता।
2. सही गणितीय सूत्रों को याद करने की क्षमता।
3. त्रुटिहीन गणना करने की क्षमता।
4. तार्किक और व्यवस्थित रूप से सोचने की क्षमता।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.20 एक स्कूल के कुल विद्यार्थियों का $\frac{4}{7}$ भाग लड़कियां हैं और शेष भाग लड़के हैं। यदि लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या से 211 ज़्यादा है तो स्कूल में लड़कों की संख्या कितनी है ?

Options
1. 1477
2. 633
3. 211
4. 844

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.21 एक ईंट जिसकी लम्बाई 20 सेंटीमीटर, चौड़ाई 10 सेंटीमीटर और मोटाई 5 सेंटीमीटर है की कीमत रु 4 है। प्रवीण एक दीवार बनाना चाहता है जिसकी विमाएं इस प्रकार हैं : 1 मीटर ऊंचाई, 1 मीटर लम्बाई और 5 सेंटीमीटर मोटाई। इसे दीवार बनाने के लिए ईंटों पर कितनी राशि खर्च करनी होगी ?

Options
1. रु 400.00
2. रु 200.00
3. रु 300.00
4. रु 100.00

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.22 निम्न में से कौन सी गणितीय प्रक्रिया **नहीं** है ?

Options
1. दृश्यीकरण
2. अनुकूलन
3. निरूपण
4. समस्या-समाधान

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.23 नई दिल्ली से भोपाल जाने वाली 4 रेलगाड़ियों के छूटने और पहुंचने का समय नीचे दिया गया है :-

रेलगाड़ी	छूटने का समय	पहुंचने का समय
भोपाल शताब्दी	06 : 00	14:07 (उसी दिन)
NDLS VSKP AP SPL	20 : 00	04 : 30 (अगले दिन)
NDLS TVC SF SPL	20 : 10	05 : 20 (अगले दिन)
KLK SNSI SF SPL	22 : 25	07 : 40 (अगले दिन)

सारणी के अनुसार कौन सी रेलगाड़ी भोपाल पहुंचने में सबसे ज़्यादा समय लेगी ?

Options
1. NDLS VSKP AP SPL
2. भोपाल शताब्दी
3. NDLS TVC SF SPL
4. KLK SNSI SF SPL

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.24 निम्नलिखित में से कौन सा कथन गणित की प्रकृति के बारे में सही <u>नहीं</u> है ?

Options
1. यह दिक्स्थान, परिमाण और माप का विज्ञान है।
2. गणितीय ज्ञान सटीक, व्यवस्थित, तार्किक है।
3. गणितीय भाषा अच्छी तरह से परिभाषित और स्पष्ट है।
4. गणित में सभी प्रमेय और अभिगृहीत प्रमाणित तथ्य है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.25 एक किलोमीटर का दो-पांचवां भाग बराबर है।

Options
1. 400 मीटर
2. 450 मीटर
3. 500 मीटर
4. 300 मीटर

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.26 25351 और 3255 में 5 के सभी अंकित मान और स्थानीय मान का योग क्या होगा?

Options
1. 5125
2. 5120
3. 5025
4. 5100

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.27 एक वर्ग का परिमाप 48 से.मी. है। एक आयत का परिमाप इस वर्ग के परिमाप के बराबर है। आयत की लम्बाई, आयत की चौड़ाई से 4 से.मी. अधिक है। वर्ग के तथा आयत के क्षेत्रफलों का अंतर (वर्ग से.मी. में) है।

Options
1. 84
2. 4
3. 48
4. 8

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.28 एक गणित की परीक्षा में सुश्री फातिमा ने एक प्रश्न सम्मिलित किया, "यदि दो संख्याओं का योग 17 है, तो संख्याएं क्या हैं?" यह एक उदाहरण है _____ का।

Options

1. बंद सिरे वाले प्रश्न
2. संदर्भात्मक प्रश्न
3. मुक्त सिरे वाले प्रश्न
4. बहुविकल्पी चयन प्रश्न

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.29 निम्नलिखित में से कौन सा चरण बच्चों में प्रतिमान (पैटर्न) के अवधारणात्मक विकास का उच्चतम स्तर प्रदर्शित करता है ?

Options

1. पैटर्न का विस्तार करना।
2. नए पैटर्न का सृजन करना।
3. पैटर्न की नकल करना।
4. पैटर्न की पहचान करना।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.30 एक कक्षा II के छात्र को जब $56 + 42$ को हल करने के लिए कहा गया तो उसने इसे निम्न प्रकार से किया –

$56 + 42 = 50 + 40 + 6 + 2 = 90 + 8 = 98$

एक गणित अध्यापक के रूप में आपकी इस छात्र के प्रति क्या प्रतिक्रिया होगी?

Options

1. छात्र की प्रशंसा करें कि उसने प्रश्न को हल करने के लिए वैकल्पिक रणनीति का उपयोग किया क्योंकि इससे रचनात्मक और आलोचनात्मक चिंतन में वृद्धि होती है।
2. छात्र को निर्देश दें कि वह देखे कि अन्य छात्रों ने समस्या कैसे हल की और उनसे सहायता लेकर समस्या को सही विधि से हल करे।
3. छात्र को प्रश्न हल करने के लिए अपनी स्वयं की रणनीति अपनाने के लिए हतोत्साहित करना।
4. छात्र को डाँटना क्योंकि यह प्रक्रिया स्तंभ विधि से योग को सीखने में सहायता नहीं करती है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Section : **Environmental Studies**

Q.1 निम्नलिखित में से कौनसा कथन EVS में सहपाठी आकलन को परिभाषित करता है?

Options
1. यह विद्यार्थी के कार्य करते समय उस पर केंद्रित होता है।
2. यह शिक्षा एवं ज्ञानवर्धन पर विद्यार्थी के स्वयं के आकलन पर केंद्रित करता है।
3. विद्यार्थियों के समूह में शिक्षा एवं प्रगति पर केन्द्रित होता है।
4. विद्यार्थियों पर केंद्रित होता है जब वो दूसरे विद्यार्थियों का आकलन जोड़ों में या समूह में कर रहे हों।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.2 कक्षा III के अध्याय 'हम चीज़ें कैसे बनाते हैं' में दीपावली की कहानी किस पर केंद्रित है?

Options
1. समान कार्य के लिए समान पारिश्रामिक/वेतन की अवधारणा
2. व्यवसाय की अवधारणा
3. शारीरिक श्रम की मर्यादा की अवधारणा
4. घरेलू कामकाज में लिंग संबंधी भेदभाव की अवधारणा

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.3 मौखिक इतिहास, समाज के विशिष्ट समूहों के अनुभवों का समन्वय करने का महत्वपूर्ण साधन है। इस संदर्भ में, इंगित कीजिए कि कौन-सा कथन इसके उपयोग को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है।

Options
1. शिक्षक छात्रों से भारत के इतिहास का मौखिक प्रस्तुतीकरण करने को कहते हैं।
2. शिक्षक अपने छात्रों से उनके दादा-दादी/नाना-नानी के स्वतंत्रता संग्राम के अनुभवों को एकत्र करने को कहते हैं।
3. शिक्षक छात्रों से प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों के नामों की सूची मौखिक रूप से प्रस्तुत करने को कहते हैं।
4. शिक्षक छात्रों को भारत की स्वतंत्रता से संबंधित ऐतिहासिक तथ्यों को मौखिक रूप से याद करने को कहते हैं।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

adda247

Q.4 स्थान-विशेष को समझने के लिए बच्चों को मानचित्र बनाने की कला का ज्ञान आवश्यक है। प्रस्तुत वाक्यों में से कौनसा मानचित्र के बारे में सही है?

A) मानचित्र सदैव यह मानकर बनाया जाता है कि व्यक्ति किसी स्थान को ज़मीन से देख रहा है।
B) वस्तुओं, दीवारों, सड़कों आदि के लिए हम चिन्हों का प्रयोग करते हैं।
C) हम वास्तविक दूरियाँ नाप कर उन्हीं को दर्शाते हैं।
D) मानचित्र में उत्तर दिशा सदैव सबसे ऊपर के हाशिए पर होती है।

Options
1. B & D
2. C & D
3. A & D
4. A & C

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.5 मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम के लिए कई विधियाँ प्रस्तावित की जाती हैं। निम्नलिखित में से वह विधि ज्ञात कीजिए जो कि मच्छरों के प्रजनन को नहीं रोकती है।

Options
1. तालाब और पानी इकट्ठा होने वाले स्थानों में मछली डालें, जो कि मच्छरों के लार्वा को खा लें।
2. यदि किसी स्थान पर पानी इकट्ठा हो गया है, तो तेल का छिड़काव करें।
3. मच्छरदानी का प्रयोग करें।
4. कूलर के पानी को सप्ताह में कम से कम दो बार बदलें

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.6 कक्षा 3 के अध्याय 'ऊँची उड़ान' में पक्षियों के विषय पर चर्चा करते हुए, शिक्षक टीना छात्रों से कहती हैं कि वे अपने आस-पास पक्षियों व उनकी विशेषताओं का अवलोकन करें। इस क्रियाकलाप का लक्ष्य है -

Options
1. छात्रों में पक्षियों से संबंधित जानकारी का आधार विकसित करना।
2. छात्रों में पक्षियों के बारे में वैज्ञानिक समझ विकसित करना।
3. छात्रों में पक्षियों के बारे में ज्ञान का आधार विकसित करना।
4. छात्रों में पक्षियों के प्रति रुचि विकसित करना।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.7 सीमा, एक EVS अध्यापिका, छात्रों को अपने आस-पास की वस्तुओं को संग्रहित करने के लिए कहती हैं। उन वस्तुओं, जैसे –धातु का पैन, स्टील की चम्मच, प्लास्टिक की चम्मच आदि को पानी की बाल्टी में डालकर देखें कि वे तैरती हैं अथवा डूबती हैं। छात्रों ने पूछा कि स्टील की चम्मच क्यों डूबी और प्लास्टिक की चम्मच क्यों तैरती रही? वे छात्रों को 'घनत्व' के बारे में बताना आवश्यक नहीं समझतीं, क्योंकि -

Options

1. वे घनत्व को समझने के लिए उससे संबंधित क्रियाकलाप नहीं कर सकते।
2. वे घनत्व उच्च कक्षाओं में पढ़ेंगे।
3. वे घनत्व का प्रत्यय याद नहीं रख पायेंगे।
4. वे घनत्व की वैकल्पिक अवधारणाएं बना लेंगे।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.8 दस्त के रोगियों को चिकित्सक परामर्श देते हैं, वे अधिक मात्रा में उबाल कर ठंडा किया हुआ पानी जिसमें चुटकी भर नमक व थोड़ी सी चीनी मिली हो, पिएँ क्योंकि –

A. केवल चीनी वाला पानी आँत नहीं सोख सकती है।
B. चीनी और पानी वाला सम्मिश्रण सरलता से सोखा जा सकता है।
C. उबालने पर पानी जीवाणु रहित हो जाता है।

Options

1. केवल B
2. केवल C
3. केवल B और C
4. A, B और C

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.9 कक्षा III में 'हमारा भोजन' नामक अध्याय को पढ़ाते समय शिक्षक जोसफ विद्यार्थियों से आपस में चर्चा करने को कहते हैं कि उन्होंने कल क्या खाया था।
इस चर्चा का क्या उद्देश्य है?

Options

1. अपने साथियों से साझा करना कि उन्होंने क्या खाया
2. साझा करना कि क्या खाना सामान्य है
3. भोजन की विविधता के पहलुओं को साझा करना
4. संतुलित आहार क्या है, इसकी चर्चा करना

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.10 एक अध्यापिका की इच्छा है कि उसके छात्रों में वनस्पतियों के बारे में समझ व ज्ञान विकसित हो, इसके लिए उसे निम्न में से क्या करना चाहिए?

Options 1.

छात्रों से कहे कि वह विभिन्न प्रकार के पौधों के बारे में अपने माता-पिता से पूछे।

2. छात्रों से कहे कि वह स्वयं वीडियो देखकर पौधों की पहचान करें।

3. वह छात्रों से पौधों के नाम कंठस्थ करके कक्षा में बताने को कहे।

4.
छात्रों को अपने साथ विद्यालय के बगीचे में चलने को कहे तथा वहाँ पर सभी पौधों की पहचान करने को कहे।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.11 विद्यार्थियों के सीखने का मूल्यांकन करने के लिए फाइल या पोर्टफोलियो एक महत्वपूर्ण उपकरण है। निम्न में से कौन-सा वाक्य पोर्टफोलियो को सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से परिभाषित करता है?

Options 1.
एक निश्चित समय में विद्यार्थी के कार्यों को एकत्र करना – अधिकतर दिन-प्रतिदिन के कार्य या विद्यार्थी के सर्वोत्तम कार्य को चुन लेना।

2. इसमें एक निश्चित समय में एकत्र व विश्लेषित किए गए आंकड़े होते हैं।

3.
व्यवस्थित ढंग से विशेष व्यवहार को अंकित करना जिससे विशिष्ट पहलू पर ध्यान केन्द्रित हो सके।

4.
विद्यार्थियों के विषय में जानकारी उनके स्वाभाविक परिवेश में एकत्र होती है। इसका आधार पढ़ाने की क्रिया में शिक्षक का अवलोकन हो सकता है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक कीट नहीं है?

Options
1. मधुमक्खी
2. दीमक
3. चीटियाँ
4. भृंग

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.13 भावी पीढ़ी के सामाजीकरण में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस परिस्थिति में परिवार माध्यम है-

Options
1. द्वितीयक सामाजीकरण का
2. तृतीयक सामाजीकरण का
3. प्राथमिक और द्वितीयक सामाजीकरण का
4. प्राथमिक सामाजीकरण का

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.14 निम्नलिखित में से किससे सहयोग भावना से कार्य करने का अभिप्राय सीखा जा सकता है –

Options
1. परिवार, समाज और खेल
2. प्रतियोगिताएं आयोजित करना
3. खेल और परिवार
4. परिवार

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.15 कक्षा 3 के छात्रों को 'संचार के माध्यम' विषय पढ़ाते समय फ़राह अपने छात्रों में अन्वेषण को प्रोत्साहित करने के लिए निम्न में से कौन-सी नीतियों का उपयोग करेंगी?

A. छात्रों से कहेंगी कि वे संचार के माध्यमों के चित्र एकत्र करें व उन्हें वर्गीकृत करें।
B. संचार के माध्यमों पर एक वीडियो दिखाएँगी।
C. छात्रों से कहेंगी कि वे संचार के माध्यमों पर अपने अनुभव बताएँ एवं उन पर चर्चा करें।
D. संचार के माध्यमों पर एक पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण दिखाएँगी।

Options
1. A तथा B
2. केवल A
3. A तथा C
4. A तथा D

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

adda247

Q.16 भारत के निम्नलिखित राज्यों में से ब्रह्मपुत्र नदी कहाँ से होकर बहती है?

Options
1. त्रिपुरा और मणिपुर
2. अरुणाचल प्रदेश और असम
3. मेघालय
4. असम और मिज़ोरम

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.17 निम्नलिखित में से कौनसा साधन जल के अभाव एवं इसका किसी क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा का सर्वोत्तम माध्यम है?

Options
1. श्रव्य साधन
2. सामाचार पत्र की रिपोर्ट्स
3. विश्वकोष
4. पाठ्य पुस्तकें

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.18 कक्षा 4, पांचवां अध्याय 'अनिता एवं मधुमक्खियां' में अनिता खुशवाहा नाम की एक लड़की की सच्ची कहानी है जिसमें उसका वर्णन एक 'बालिका सितारा' के रूप में उजागर किया गया है। इस प्रकार की पहल का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य क्या है?

Options
1. दर्शाना कि किस प्रकार लड़कियां अनभिज्ञ होती हैं एवं उन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।
2. यह दर्शाना कि नारी शक्ति/बालिका शक्ति किस प्रकार गतिशील है तथा समानता एवं सशक्तिकरण को प्रदर्शित करती है।
3. दर्शाना कि किस प्रकार लड़कियाँ परिवार एवं समाज पर बोझ होती हैं।
4. दर्शाना कि लड़कियाँ कैसे खुश होती हैं एवं उनको प्रोत्साहित करने पर अत्यधिक बल देना

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.19 महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और गुजरात में बड़े बाँधों के निर्माण के कारण स्थानीय व्यक्तियों को अपने प्राकृतिक अवास को छोड़ना पड़ा। इस प्रकार की गितिविधि को क्या कहते हैं?

Options

1. स्थानांतरण द्वारा बाहर जाना
2. स्थानांतरण द्वारा अंदर आना
3. विस्थापन
4. तबादला

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.20 वातावरण को बचाने की आवश्यकता के लिए हुए कई आंदोलनों को समर्थन मिला है। निम्नलिखित में से किसने 1970 के चिपको आंदोलन में निर्णायक भूमिका निभाई है?

Options

1. बाबा आम्टे
2. मेधा पाटकर
3. सुंदरलाल बहुगुणा
4. वंदना शिवा

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.21 प्रत्येक भोज्य पदार्थ के पैकेट पर उसे पैक (बंद) करने की तिथि दी जाती है, क्योंकि

A. प्रत्येक भोज्य पदार्थ की अपनी निधानी (शेल्फ) आयु होती है।
B. भोज्य पदार्थ के प्रकमण और पैकिंग की अवधि में कई परिरक्षकों का उपयोग किया जाता है।
C. कुछ निश्चित समय के पश्चात इसमें रोगाणु उत्पन्न हो सकते हैं जो इसको खराब कर देंगे।
D. हमें उन भोज्य पदार्थों का उपभोग नहीं करना चाहिए, जिन पर लिखा हुआ समय समाप्त हो चुका है।

Options

1. A, B और C
2. केवल B और C
3. A, B, C और D
4. A, B और D

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Q.22 विद्यार्थियों के EVS सीखने के संदर्भ में, निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

Options 1.

सभी विद्यार्थी एक समान होते हैं तथा सीखते समय उनकी प्रतिक्रिया एक जैसी होती है।

2.

विद्यार्थी 'रिक्त पात्र' अथवा 'कोरे कागज' की भाँति होते हैं जिनको जानकारी व ज्ञान से भरना होता है जो एक विद्यालय ही दे सकता है।

3.

विद्यार्थी रैखिक रूप से सीखते हैं। अत: नया ज्ञान पिछले तथ्यों व जानकारी से ही प्राप्त होता है।

4.

विद्यार्थियों के सीखने का तरीका सर्पिल/पेंचदार होता है। प्रत्येक बच्चा अद्वितीय होता है। वह परिस्थितियों से सीखना व प्रतिक्रिया अपने ढंग से देता है।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.23 छत पर वर्षा के पानी का संरक्षण करके भौमजल को पुन: आवेशिक किया जाता था। इस पारंपरिक विधि का उपयोग, निम्नलिखित में से किस राज्य में किया गया था?

Options 1. मध्य प्रदेश

2. राजस्थान

3. बिहार

4. पंजाब

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.24 वलसाड़ शहर, हैदराबाद शहर (तेलंगाना राज्य) के सापेक्ष किस दिशा में स्थित है?

Options 1. उत्तर

2. पश्चिम

3. उत्तर पश्चिम

4. दक्षिण पश्चिम

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

adda247

Q.25 कक्षा 4 के अध्याय 'दुनिया मेरे घर में' नामक कहानी अक्षय के बारे में है, जो बताता है कि कैसे उसकी दादी उसे अनिल के घर कुछ भी खाने या पीने के लिए मना करती हैं। इस कहानी से बच्चों को कौन-सी महत्वपूर्ण शिक्षा मिलती है?

Options

1. हमारे समाज में समानता और सामंजस्य का अस्तित्व
2. जाति भेदभाव एवं अस्पृश्यता का अस्तित्व
3. साम्प्रदायिकता का अस्तित्व
4. धार्मिक भेदभाव का अस्तित्व

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.26 'चेराओ' नृत्य में व्यक्ति बाँस की डंडियों को पकड़ कर युग्मों में एक-दूसरे के आमने-सामने ज़मीन पर बैठते हैं। जैसे ही ढोल बजता है, बाँस को जमीन पर पीटा जाता है। नर्तक बाँस की डंडियों के अंदर और बाहर पैर रखते हैं (कूदते हैं) और ताल पर नाचते हैं। निम्नलिखित में से कहाँ पर 'चेराओ' नृत्य किया जाता है?

Options

1. मिज़ोरम
2. मणिपुर
3. असम
4. ओडिशा

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Q.27 हमें पके हुए भोजन को खुला या बिना फ्रिज में रखे लंबी अवधि के लिए नहीं छोड़ना चाहिए। निम्नलिखित में से कौन-सा कारक पके हुए भोजन को बेकार करने के लिए जिम्मेदार है?

Options

1. कीट
2. विषाणु
3. फफूँद
4. जीवाणु

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

adda247

Q.28 कक्षा V में पाठ 'किसके जंगल' पर चर्चा करने के लिए अध्यापिका ने सूर्यमणि के सच्चे किस्से को सुनाया, जिसमें उसने एक केंद्र तोरांग की स्थापना की थी जो कि देखता था -

(a) जमीन और जीविका की समस्याएं
(b) भूख की समस्याएं
(c) वनों की समस्याएं
(d) कुड़ुक संस्कृति की समस्याएं

Options

1. B और C
2. केवल A
3. A और D
4. केवल D

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Q.29 कक्षा में विरोध की परिस्थिति अक्सर उजागर होती हैं। जब कोई छात्र किसी सामाजिक-सांस्कृतिक विषय पर चर्चा प्रारंभ करता है, तब एक शिक्षक के रूप में आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी?

Options

1. छात्र से कहेंगे कि वह अपने माता-पिता से पूछे व विद्यालय में इस विषय को न उठाए।
2. छात्र से कहेंगे कि अपने अनुभव साझा करे और कक्षा में इस विषय पर संबोधन करे।
3. आप छात्र से कहेंगे कि ध्यान भंग न करे एवं अध्ययन के विषय पर ध्यान केन्द्रित करे।
4. छात्र से कहेंगे कि वह कक्षा के उपरान्त आपसे इस विषय पर चर्चा करे।

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **4**

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सी मुद्रा अबू धाबी में प्रचलित है?

Options

1. दिरहम
2. टका
3. रुपए
4. डॉलर

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **1**

Section : **Language I**

Comprehension:

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

22 मई 1894 की शाम थी। डरबन स्थित दादा अब्दुल्ला के घर पर महात्मा गाँधी की विदाई व रात्रिभोज का आयोजन था। इस आयोजन में प्रिटोरिया डरबन और नेटाल के भारतीय आए थे। अब्दुल्ला एंड कंपनी के मुकदमे को निपटाने के बाद महात्मा गाँधी वापसी आने के लिए तैयार थे। तभी एक भारतीय व्यापारी ने महात्मा गाँधी को 'नेटाल मर्करी' नामक समाचार पत्र दिया और उनसे 'इंडियन फ्रेंचाइज़' नामक शीर्षक से छपा लेख पढ़ने के लिए कहा। लेख पढ़ने के बाद महात्मा गाँधी गंभीर हो गए। दरअसल यह लेख नेटाल विधानसभा में पेश किए गए मताधिकार संशोधन विधेयक के विषय में जिसमें भारतीयों को मताधिकार से वंचित करने के सभी पक्षों की विवेचना थी। इसका सारांश यह था कि जिन लोगों ने अपने देश में मताधिकार का उपयोग नहीं किया उन्हें दूसरे देश में मताधिकार देने का कोई मतलब नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य तो भारतीयों के व्यापार को रोकना था। हालात को बद से बदतर बनाने वाले कानून की जानकारी ने भारतीयों के होश उड़ा दिए। अब विदाई समारोह विधेयक परिचर्चा में बदल गया। विदा करने आए लोग गाँधी जी से रुकने का आग्रह करने लगे। भारतीयों की पीड़ा और परेशानी देखकर गाँधी जी काफी व्यथित हो गए। उन्होंने भारतीयों के निवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि विधेयक का विरोध सार्वजनिक कार्य है और इसके लिए वह किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लेंगे। उन्होंने समारोह को नेटाल इंडियन कांग्रेस में बदलकर भारतीयों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

SubQuestion No : 1

Q.1 'स्वदेश' का <u>विलोम</u> शब्द है —

1. अपना देश
2. विदेश
3. देश
4. पड़ोसी देश

Options 1. 1
2. 2
3. 3
4. 4

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Comprehension:

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

22 मई 1894 की शाम थी। डरबन स्थित दादा अब्दुल्ला के घर पर महात्मा गाँधी की विदाई व रात्रिभोज का आयोजन था। इस आयोजन में प्रिटोरिया डरबन और नेटाल के भारतीय आए थे। अब्दुल्ला एंड कंपनी के मुकदमे को निपटाने के बाद महात्मा गाँधी वापसी आने के लिए तैयार थे। तभी एक भारतीय व्यापारी ने महात्मा गाँधी को 'नेटाल मर्करी' नामक समाचार पत्र दिया और उनसे 'इंडियन फ्रेंचाइज़' नामक शीर्षक से छपा लेख पढ़ने के लिए कहा। लेख पढ़ने के बाद महात्मा गाँधी गंभीर हो गए। दरअसल यह लेख नेटाल विधानसभा में पेश किए गए मताधिकार संशोधन विधेयक के विषय में जिसमें भारतीयों को मताधिकार से वंचित करने के सभी पक्षों की विवेचना थी। इसका सारांश यह था कि जिन लोगों ने अपने देश में मताधिकार का उपयोग नहीं किया उन्हें दूसरे देश में मताधिकार देने का कोई मतलब नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य तो भारतीयों के व्यापार को रोकना था। हालात को बद से बदतर बनाने वाले कानून की जानकारी ने भारतीयों के होश उड़ा दिए। अब विदाई समारोह विधेयक परिचर्चा में बदल गया। विदा करने आए लोग गाँधी जी से रुकने का आग्रह करने लगे। भारतीयों की पीड़ा और परेशानी देखकर गाँधी जी काफी व्यथित हो गए। उन्होंने भारतीयों के निवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि विधेयक का विरोध सार्वजनिक कार्य है और इसके लिए वह किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लेंगे। उन्होंने समारोह को नेटाल इंडियन कांग्रेस में बदलकर भारतीयों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

SubQuestion No : 2

Q.2 'होश उड़ना' मुहावरे का अर्थ है —

1. बेहोश हो जाना
2. होश में आना
3. घबरा जाना
4. समझ आना

Options 1. 1
2. 2
3. 3
4. 4

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Comprehension:

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

22 मई 1894 की शाम थी। डरबन स्थित दादा अब्दुल्ला के घर पर महात्मा गाँधी की विदाई व रात्रिभोज का आयोजन था। इस आयोजन में प्रिटोरिया डरबन और नेटाल के भारतीय आए थे। अब्दुल्ला एंड कंपनी के मुकदमे को निपटाने के बाद महात्मा गाँधी वापसी आने के लिए तैयार थे। तभी एक भारतीय व्यापारी ने महात्मा गाँधी को 'नेटाल मर्करी' नामक समाचार पत्र दिया और उनसे 'इंडियन फ्रेंचाइज़' नामक शीर्षक से छपा लेख पढ़ने के लिए कहा। लेख पढ़ने के बाद महात्मा गाँधी गंभीर हो गए। दरअसल यह लेख नेटाल विधानसभा में पेश किए गए मताधिकार संशोधन विधेयक के विषय में जिसमें भारतीयों को मताधिकार से वंचित करने के सभी पक्षों की विवेचना थी। इसका सारांश यह था कि जिन लोगों ने अपने देश में मताधिकार का उपयोग नहीं किया उन्हें दूसरे देश में मताधिकार देने का कोई मतलब नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य तो भारतीयों के व्यापार को रोकना था। हालात को बद से बदतर बनाने वाले कानून की जानकारी ने भारतीयों के होश उड़ा दिए। अब विदाई समारोह विधेयक परिचर्चा में बदल गया। विदा करने आए लोग गाँधी जी से रुकने का आग्रह करने लगे। भारतीयों की पीड़ा और परेशानी देखकर गाँधी जी काफी व्यथित हो गए। उन्होंने भारतीयों के निवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि विधेयक का विरोध सार्वजनिक कार्य है और इसके लिए वह किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लेंगे। उन्होंने समारोह को नेटाल इंडियन कांग्रेस में बदलकर भारतीयों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

SubQuestion No : 3

Q.3 लोग गाँधीजी से रुकने का आग्रह करने लगे क्योंकि —

1. वे गाँधीजी से प्रेम करने लगे थे।
2. उन्हें गाँधीजी का स्वाभाव बहुत पसंद था।
3. वे चाहते थे कि गाँधीजी उनके लिए मताधिकार संशोधन विधेयक का विरोध करें।
4. वे गाँधीजी से मताधिकार संशोधन विधेयक के लिए समर्थन चाहते थे।

Options 1. 1
2. 2
3. 3
4. 4

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **3**

Comprehension:

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

22 मई 1894 की शाम थी। डरबन स्थित दादा अब्दुल्ला के घर पर महात्मा गाँधी की विदाई व रात्रिभोज का आयोजन था। इस आयोजन में प्रिटोरिया डरबन और नेटाल के भारतीय आए थे। अब्दुल्ला एंड कंपनी के मुकदमे को निपटाने के बाद महात्मा गाँधी वापसी आने के लिए तैयार थे। तभी एक भारतीय व्यापारी ने महात्मा गाँधी को 'नेटाल मर्करी' नामक समाचार पत्र दिया और उनसे 'इंडियन फ्रेंचाइज़' नामक शीर्षक से छपा लेख पढ़ने के लिए कहा। लेख पढ़ने के बाद महात्मा गाँधी गंभीर हो गए। दरअसल यह लेख नेटाल विधानसभा में पेश किए गए मताधिकार संशोधन विधेयक के विषय में जिसमें भारतीयों को मताधिकार से वंचित करने के सभी पक्षों की विवेचना थी। इसका सारांश यह था कि जिन लोगों ने अपने देश में मताधिकार का उपयोग नहीं किया उन्हें दूसरे देश में मताधिकार देने का कोई मतलब नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य तो भारतीयों के व्यापार को रोकना था। हालात को बद से बदतर बनाने वाले कानून की जानकारी ने भारतीयों के होश उड़ा दिए। अब विदाई समारोह विधेयक परिचर्चा में बदल गया। विदा करने आए लोग गाँधी जी से रुकने का आग्रह करने लगे। भारतीयों की पीड़ा और परेशानी देखकर गाँधी जी काफी व्यथित हो गए। उन्होंने भारतीयों के निवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि विधेयक का विरोध सार्वजनिक कार्य है और इसके लिए वह किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लेंगे। उन्होंने समारोह को नेटाल इंडियन कांग्रेस में बदलकर भारतीयों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

SubQuestion No : 4

Q.4 मताधिकार संशोधन विधेयक का क्या उद्देश्य था?

1. भारतीयों को मताधिकार देना
2. भारतीयों को मताधिकार से वंचित करना
3. भारतीयों को व्यापार के अधिक अवसर उपलब्ध कराना
4. भारतीयों को सत्ता में भागीदारी देना

Options 1. 1
2. 2
3. 3
4. 4

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Comprehension:

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

22 मई 1894 की शाम थी। डरबन स्थित दादा अब्दुल्ला के घर पर महात्मा गाँधी की विदाई व रात्रिभोज का आयोजन था। इस आयोजन में प्रिटोरिया डरबन और नेटाल के भारतीय आए थे। अब्दुल्ला एंड कंपनी के मुकदमे को निपटाने के बाद महात्मा गाँधी वापसी आने के लिए तैयार थे। तभी एक भारतीय व्यापारी ने महात्मा गाँधी को 'नेटाल मर्करी' नामक समाचार पत्र दिया और उनसे 'इंडियन फ्रेंचाइज़' नामक शीर्षक से छपा लेख पढ़ने के लिए कहा। लेख पढ़ने के बाद महात्मा गाँधी गंभीर हो गए। दरअसल यह लेख नेटाल विधानसभा में पेश किए गए मताधिकार संशोधन विधेयक के विषय में जिसमें भारतीयों को मताधिकार से वंचित करने के सभी पक्षों की विवेचना थी। इसका सारांश यह था कि जिन लोगों ने अपने देश में मताधिकार का उपयोग नहीं किया उन्हें दूसरे देश में मताधिकार देने का कोई मतलब नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य तो भारतीयों के व्यापार को रोकना था। हालात को बद से बदतर बनाने वाले कानून की जानकारी ने भारतीयों के होश उड़ा दिए। अब विदाई समारोह विधेयक परिचर्चा में बदल गया। विदा करने आए लोग गाँधी जी से रुकने का आग्रह करने लगे। भारतीयों की पीड़ा और परेशानी देखकर गाँधी जी काफी व्यथित हो गए। उन्होंने भारतीयों के निवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि विधेयक का विरोध सार्वजनिक कार्य है और इसके लिए वह किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लेंगे। उन्होंने समारोह को नेटाल इंडियन कांग्रेस में बदलकर भारतीयों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

SubQuestion No : 5

Q.5 रात्रिभोज का आयोजन किसकी विदाई के लिए किया गया था?

1. पंडित जवाहरलाल नेहरू
2. महात्मा गाँधी
3. नेताजी सुभाषचंद्र बोस
4. गोपाल कृष्ण गोखले

Options 1. 1
2. 2
3. 3
4. 4

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Comprehension:

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

22 मई 1894 की शाम थी। डरबन स्थित दादा अब्दुल्ला के घर पर महात्मा गाँधी की विदाई व रात्रिभोज का आयोजन था। इस आयोजन में प्रिटोरिया डरबन और नेटाल के भारतीय आए थे। अब्दुल्ला एंड कंपनी के मुकदमे को निपटाने के बाद महात्मा गाँधी वापसी आने के लिए तैयार थे। तभी एक भारतीय व्यापारी ने महात्मा गाँधी को 'नेटाल मर्करी' नामक समाचार पत्र दिया और उनसे 'इंडियन फ्रेंचाइज़' नामक शीर्षक से छपा लेख पढ़ने के लिए कहा। लेख पढ़ने के बाद महात्मा गाँधी गंभीर हो गए। दरअसल यह लेख नेटाल विधानसभा में पेश किए गए मताधिकार संशोधन विधेयक के विषय में जिसमें भारतीयों को मताधिकार से वंचित करने के सभी पक्षों की विवेचना थी। इसका सारांश यह था कि जिन लोगों ने अपने देश में मताधिकार का उपयोग नहीं किया उन्हें दूसरे देश में मताधिकार देने का कोई मतलब नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य तो भारतीयों के व्यापार को रोकना था। हालात को बद से बदतर बनाने वाले कानून की जानकारी ने भारतीयों के होश उड़ा दिए। अब विदाई समारोह विधेयक परिचर्चा में बदल गया। विदा करने आए लोग गाँधी जी से रुकने का आग्रह करने लगे। भारतीयों की पीड़ा और परेशानी देखकर गाँधी जी काफी व्यथित हो गए। उन्होंने भारतीयों के निवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि विधेयक का विरोध सार्वजनिक कार्य है और इसके लिए वह किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लेंगे। उन्होंने समारोह को नेटाल इंडियन कांग्रेस में बदलकर भारतीयों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

SubQuestion No : 6

Q.6 'भारतीय' शब्द में प्रत्यय है —

1. य
2. तीय
3. ईय
4. इय

Options 1. 1
2. 2
3. 3
4. 4

Question Type : **MCQ**
Status : **Answered**
Chosen Option : **2**

Comprehension:

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

